वर्ष- 3 , अंक- 179

छपरा

02 जून मंगलवार 2026

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


: ब्रीफ बॉक्स :

## कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा

### 5 किलो के फ्री ट्रेड वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉमर्शियल सिलेंडर आज यानी 1 जून से 53.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये 3113.50 रुपए में मिल रहा है। 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 11 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस सिलेंडर की कीमत 821.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और ATF, यानी हवाई जहाज के ईंधन पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी आज से लागू हो गई है।

**5 किलो वाला फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर 11 रुपए महंगा:** एलपीजी सिलेंडर की कीमत 11 रुपए बढ़कर 821.50 हो गई है। पहले इसकी कीमत 810.50 थी। एलपीजी सिलेंडर को छोटू सिलेंडर भी कहते हैं जिसे कोई भी बिना एड्रेस प्रूफ के ले सकता है। इनका ज्यादातर इस्तेमाल प्रवासी मजदूर, छात्र या छोटे दुकानदार करते हैं। इसी 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर को रेगुलर कनेक्शन के साथ लेने पर इसके दाम ?339 पर स्थिर हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

### ब्रह्मोस, आकाश और नेत्र खरीदने में कई देश रुचि दिखा रहे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

## ट्विशा केस- समर्थ की फरारी को लेकर खुलासा

### 3 दिन भोपाल में, 5 दिन जबलपुर में रहा; गर्भपात की सलाह देने वाले डॉक्टर भी तलब



**भोपाल,एजेंसी।** भोपाल के ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी समर्थ की फरारी को लेकर जांच सीबीआई को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जांच में सामने आया है कि 15 मई को एफआईआर दर्ज होने के बाद समर्थ तत्काल शहर नहीं छोड़ पाया था और करीब तीन दिन तक भोपाल में ही रहा। इसके बाद वह जबलपुर पहुंचा, जहां उसने करीब पांच दिन तक फरारी काटी। अब सीबीआई इस पूरी अवधि के दौरान उसकी गतिविधियों, संपर्कों और उसे मिली संभावित मदद की विस्तृत पड़ताल कर रही है। सीबीआई ने इस मामले में उस डॉक्टर को भी तलब किया है जिसने ट्विशा को गर्भपात की सलाह दी थी।

## देशभर में हीटवेव खत्म, बारिश से तापमान गिरा:

# राजस्थान के जैसलमेर में रेतीला तूफान; उत्तराखंड के चंपावत में नदी में फंसे 50 लोगों का रेस्क्यू





**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ,एजेंसी।** देश के अधिकांश हिस्सों में रविवार को बारिश और बादलों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक देशभर में फिलहाल हीटवेव की स्थिति खत्म हो गई है। कई राज्यों में बारिश और आंधी के चलते मौसम में बदलाव आया है।

राजस्थान के कई हिस्सों में लगातार दूसरे दिन धूल भरी आंधी चली, जिससे तापमान में गिरावट आई। जैसलमेर में रेतीला तूफान आया। इससे विजिबिलिटी पर असर हुआ, हालांकि किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। राज्य के फलौदी में अधिकतम तापमान 42.6डिग्री रहा।

उत्तर प्रदेश के बलिया में 34.4एमएम और मुरादाबाद में 21.8एमएम बारिश हुई। लखनऊ में भी 2.4एमएम बारिश हुई। यहां अधिकतम तापमान 36.3डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.9डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 24.7डिग्री रहा। उत्तराखंड में भारी बारिश और खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। चंपावत के श्री रीठा साहिब गुरुद्वारे के वार्षिक जोड़ मेले के दौरान उफनती नदी में 50 से ज्यादा श्रद्धालु फंस गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू किया गया।

राजस्थान के जैसलमेर में रविवार शाम को फिर से रेतीला बवंडर उठा। इससे दिन में अंधेरा छा गया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आसमान में दूर से ही धूल का गुबार उठता दिखाई दिया, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ा।

इससे पहले शनिवार दोपहर 3 बजे राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में रेतीला तूफान आया था। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। इस दौरान 56किमी की रफ्तार से आंधी चली।

**मानसून 4 जून तक केरलम पहुंचेगा...** मौसम विभाग ने बताया कि मानसून 4 जून तक केरलम पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक जून से सितंबर तक देश में औसतन सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस बार मानसून सीजन में 78 सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है। देश में सामान्य मानसूनी बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है।

मौसम विभाग ने कहा कि बिहार, यूपी में सामान्य बारिश हो सकती है, लेकिन बाकी कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। खासकर बारिश पर निर्भर खेती वाले इलाकों में मानसून कमजोर रह सकता है।

# पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार, 35 मंत्रियों ने शपथ ली

### » अर्जुन सिंह, तपस रॉय मंत्री बने; शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मिनिस्टर

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है।



**मंत्रिपरिषद की लिमिट 44, लेकिन शुभेंदु सरकार में 41 मंत्री होंगे...** संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

**सीएम शुभेंदु ने गृह और वित्त विभाग अपने पास रखा:** इससे पहले 11 मई को ष्टरू शुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कियाा था। इसमें निशिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया। दिलीप घोष को ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास, कृषि विपणन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय विभाग दिए गए।

अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति, सहकारिता विभाग दिया गया। क्षुदीराम टूडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने गृह मंत्रालय समेत अन्य सभी मंत्रालय अपने पास रखे हैं।

### जेईई में टॉप-10 में राजस्थान के 6 स्टूडेंट

# गर्ल्स कैटेगरी की टॉपर भी कोटा से; टीचर्स ने बच्चों को कंधे पर बैठाया, पेरेंट्स डीजे पर नाचे




**कोटा,एजेंसी।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) एडवांस 2026 का रिजल्ट घोषित हो गया है। टॉप-10 में कोटा और सीकर के 6 स्टूडेंट शामिल हैं। कोटा के शुभम ने पहली और कबीर ने ऑल इंडिया सेकंड रैंक हासिल की है।

गर्ल्स कैटेगरी में टॉप करने वाली आरोही देशपांडे भी कोटा में ही पढ़ी हैं। रिजल्ट आने के साथ ही कोटा और सीकर में जश्न का माहौल है। ये लगातार तीसरा साल है, जब कोटा से ऑल इंडिया पहली रैंक बनी है। जेईई एडवांस के रिजल्ट से करीब 55 हजार स्टूडेंट्स देश के 23 आईआईटी की बी-टेक, इंटीग्रेटेड एम-टेक और ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रमों में एडमिशन की काउंसलिंग के लिए क्वालिफाई घोषित हुए हैं।

**एक नंबर से रैंक में फिसले कबीर:** जेईई एडवांस में फर्स्ट रैंक वाले शुभम कुमार मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। उनके पिता बिजनेसमैन हैं और माता हाउसवाइफ हैं। टॉपर शुभम को 330 नंबर मिले हैं।

वहीं, सेंकंड रैंक हासिल करने वाले कबीर छिल्लर दिल्ली के रहने वाले हैं। उनके पिता भी आईआईटीयन रहे हैं। वे एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उनकी माता प्राइवेट स्कूल टीचर हैं। कबीर के 329 नंबर हैं।

**कोटा और झुंझुनूं के रहने वाले भी टॉप-10 में...** सीकर के स्टूडेंट जतिन कुमार चाहर के ऑल इंडिया थर्ड रैंक आई है। जतिन ने 319 नंबर हासिल किए हैं। जतिन मूल रूप से झुंझुनू जिले के गोठ गांव के हैं।

जतिन ने कहा– उन्होंने अपना पूरा फोकस कॉन्सेप्ट क्लीयर करने पर रखा। वहीं, कोटा के ही रहने वाले अर्णव गौतम ने 7वीं रैंक हासिल की है। एग्जाम में 8वीं रैंक वाले कनिष्क जैन और 10वीं रैंक वाले दर्श सिक्का ने भी कोटा में स्टडी की है। गर्ल्स कैटेगरी की टॉपर रही आरोही भी कोटा में ही पढ़ी हैं। उनकी 77वीं रैंक है। ये सभी स्टूडेंट एलन कोचिंग से पढ़े हैं।

# कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को लौटेंगे

### » शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे

COCKROACH JANTA PARTY

### दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटेंगे। वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसमें शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।

**कॉकरोच जनता पार्टी का - अकाउंट अभी बंद:** दिल्ली हाईकोर्ट का ने 29 मई को कॉकरोच जनता पार्टी क ङ्ग अकाउंट से बैन हटाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सरकार और ङ्ग से 4 हफ्ते में जवाब मांगा दिल्ली हाईकोर्ट में दिपके ने CJP का Dari अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को तय की।

# अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर हमला किया

### ईरान ने जवाबी हमले में एयरबेस को निशाना बनाया

### » ईरानी राष्ट्रपति के इस्तीफे का दावा

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी ,एजेंसी।** अमेरिका ने कहा कि हमने ईरान के गोरुक और केश्म द्वीप पर रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स को निशाना बनाया। यह हमला आत्मरक्षा में किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने बताया है कि यह कार्रवाई ईरान की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई। अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी MQv ड्रोन को गिराया था।

CENTCOM के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो ड्रोन को नष्ट किया। अमेरिका का दावा है कि ये ड्रोन क्षेत्रीय समुद्री रास्तों से गुजर रहे जहाजों के लिए सीधा खतरा बन रहे थे।

दूसरी तरफ, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया कि हमने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल सीरिक द्वीप के पास अमेरिकी ऑपरेशन में हुआ था। द्बक्रत्नष्ट का कहना है कि ये हमला सीरिक द्वीप पर टेलीकॉम टावर पर हुए अमेरिकी हमले के जवाब में किया गया। हालांकि, ईरान ने उस एयरबेस की लोकेशन नहीं बताई। वहीं, 'ईरान इंटरनेशनल' की रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता पर अब पूरी तरह IRGC के कमांडरों का कंट्रोल में है।



# ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में एसआईआर शुरू

### इन राज्यों में अगले साल चुनाव

### » 28 जून तक फॉर्म नहीं दिया तो छूट सकता है नाम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का तीसरा चरण शुरू कर दिया है। इन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं।

निर्वाचन आयोग ने 14 मई को संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून 1950 की धारा 21 के तहत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR का आदेश दिया था। उसी प्रक्रिया के तहत अब ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में 30 मई से एन्यूमरेशन फेज शुरू हो गया है। SIR के तहत बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं का वेरिफिकेशन करेंगे और फॉर्म जमा कराएंगे। आयोग ने कहा है कि 28 जून 2026 तक जिन लोगों के फॉर्म चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ERO) को मिल जाएंगे, उनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल किए जाएंगे।




**पात्र नागरिक वोटर लिस्ट से बाहर न रहे ...** आयोग ने कहा है कि SIR अभियान का सबसे बड़ा उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक वोटर लिस्ट से बाहर न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। 18 साल या उससे ज्यादा उम्र का हर भारतीय नागरिक, जो किसी कानून के तहत अयोग्य घोषित नहीं है, वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने का हकदार है।

## डीजल-पेट्रोल के बाद बढ़े कमर्शियल एलपीज सिलिंडर के दाम

### » दिल्ली में 42 तो कोलकाता में 53 रुपये हुआ महंगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीजल–पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के बाद आज कमर्शियल एलपीजी के दामों में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 42 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 3113.50 रुपये हो गई है, जबकि कोलकाता में यह 53.50 रुपये महंगा होकर 3255.50 रुपये पर पहुंच गया है। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे एफटीएल सिलेंडर के दाम भी 11 रुपये बढ़ाए गए हैं। हालांकि, राहत वाली बात यह है कि रेलू रसोई गैस सिलेंडर ( 14.2 किलोग्राम) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन होटल, रेस्तरां और शादियों में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडर के महंगे होने से बाहर खाना–पीना महंगा हो सकता है।

**नई कीमतें लागू :** कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि की दरें आज १जून यानी ही लागू हो गई हैं। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 42 रुपए बढ़ाए गए हैं। अब इसकी कीमत 3113.50 रुपए हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला 'कोई महिला आजीविका के लिए वेश्यावृत्ति करे, तो वह जगह कोठा नहीं'

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 70 साल पुराने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम का गहन विश्लेषण करने के बाद एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि इस कानून का मुख्य उद्देश्य न तो वेश्यावृत्ति को पूरी तरह से खत्म करना है और न ही इसे आपराधिक अपराध बनाना है, बल्कि इसका असली मकसद वेश्यावृत्ति के व्यावसायीकरण पर लगाम लगाना है।

जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि हम इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं कि वेश्यावृत्ति को खत्म करना या इसे आपराधिक अपराध बनाना इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य नहीं है। बल्कि, इसका उद्देश्य वेश्यावृत्ति के व्यावसायीकरण को रोकना या समाप्त करना है, यानी वेश्यावृत्ति को आजीविका के एक संगठित माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने पर रोक लगाना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आईटीपीए मुख्य रूप से अपराधियों और तस्करों को सजा देने के लिए लाया गया था, न कि खुद वेश्यावृत्ति करने वाली महिलाओं को दंडित करने के लिए। जस्टिस पारदीवाला द्वारा लिखे गए 298 पन्नों के इस फैसले में स्पष्ट किया गया कि अधिनियम की धारा 7 और 8 इस सामान्य नियम के अपवाद हैं। ये धाराएं विशेष परिस्थितियों में वेश्यावृत्ति के व्यक्तिगत कृत्यों को दंडित करती हैं कि धारा 7 सार्वजनिक स्थानों के करीब वेश्यावृत्ति में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को दंडित करती है। वहीं, धारा 8 सार्वजनिक स्थानों पर ग्राहकों को रिझाने या बुलाने को अपराध मानती है। पीठ ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हालांकि वेश्यावृत्ति के व्यक्तिगत कृत्यों को सीधे तौर पर पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं किया गया है, लेकिन सार्वजनिक शालीनता और सामाजिक नैतिकता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है। सार्वजनिक संस्थानों और अधिसूचित क्षेत्रों के आसपास ऐसे दृश्यों या प्रयासों को रोका जाए ताकि जनता को असुविधा न हो।

**वेश्यावृत्ति को लेकर कानूनी अस्पष्टता:** अदालत ने स्पष्ट किया कि वह न तो वेश्यावृत्ति को पूरी तरह से अपराध घोषित करने की वकालत कर रही है और न ही इसे पूरी तरह से अनियंत्रित छोड़ने की बात कह रही है। कोर्ट ने कहा कि हम सिर्फ यह समझाना चाहते हैं कि विधायी उद्देश्य वेश्यावृत्ति के सभी कृत्यों की निंदा करना नहीं है। हालांकि, इसकी परिभाषा में कुछ अस्पष्टता जरूर है, क्योंकि इसे पूरी तरह से केवल शोषणकारी या अपमानजनक रूप में ही चित्रित किया जाता है।

अधिनियम की धारा 2 में दिए गए वेश्यागृह शब्द की परिभाषा की जांच करते हुए पीठ ने एक बेहद महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई अकेली महिला अपनी आजीविका के लिए अपने घर में वेश्यावृत्ति करती है, जिसमें कोई दूसरी महिला शामिल नहीं है और न ही उस परिसर के रखरखाव में किसी बाहरी व्यक्ति या बिचौलिए की भूमिका है तो उस महिला के निवास स्थान को कानूनन वेश्यागृह नहीं माना जाएगा।



**कानून के नाम में अनैतिक शब्द क्यों जुड़ा?** वेश्यालय से छुड़ाई गई महिलाओं के पुनर्वास के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए पीठ ने 1956 के इस अधिनियम का गहराई से विश्लेषण किया। अदालत ने बताया कि 20वीं सदी की शुरुआत में वेश्यावृत्ति के लिए महिलाओं की तस्करी बहुत आम थी और समाज में इसे अनैतिक माना जाता था, यही वजह है कि यह शब्द

## आंगनबाड़ी केंद्र से बेचा गया चावल ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस जांच में जुटी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के हंसापीर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से बेचा गया चावल ले जानें के दौरान ग्रामीणों के द्वारा पकड़ा गया, हालांकि खरीदने वाला चावल छोड़ फरार हो गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है और चावलों को जप्त कर ली हैं। ग्रामीणों ने गांव की आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका पर आठ बोरा चावल बेचने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने पर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया शिव कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और विरोध जताया। उप मुखिया ने मामले की सूचना बीडीओ पंकज कुमार, सीडीपीओ एवं स्थानीय थाना को दी। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मौजूदगी में 8 बोरा चावल को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में सीडीपीओ ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर लंबे समय से अनियमितताएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सोनपुर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग कांड में अलग अलग स्थान में छापामारी कर कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाअध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि 2021 में शराब बिक्री के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के स्वर्गीय मुंशी चौधरी के पुत्र राम प्रसाद चौधरी को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुर्की जपती के मामले में फरार चल रहे कोर्ट वारंटी राहर दियारा के महेश प्रसाद यादव के पुत्र विकास कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है वही भरपुरा चौसिया गांव के सकलदीप राय के पुत्र छोटे लाल राय के गिरफ्तार किया गया है। तीनों गिरफ्तार आरोपी क़ो छपरा जेल सोमवार क़ो भेज दिया गया है।

## रंगदारी को लेकर मारपीट में घायल युवक की मौत, दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के बेरुई गांव में रंगदारी को लेकर हुई मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद मामला नया मोड़ ले लिया है। मृतक के भाई सोनल सिंह के बयान पर बनियापुर थाने में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।घटना बीते 27 मई की है, जब बेरुई गांव के यज्ञ मेले में झूला संचालन को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि बनियापुर निवासी 25 वर्षीय पिंपल सिंह से कुछ लोगों ने रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपितों ने लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समापन समारोह जागरण मंच का विधायक ने फीता काट किया उद्घाटन

### लोक गायिका पुष्पा सिंह और गायक गुंजन सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के प्रसिद्ध शिल्हौरी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ रविवार को पूरे विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कर संपन्न हो गया. महायज्ञ के सफल समापन के अवसर पर रविवार की देर शाम में जागरण मंच का उद्घाटन स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने फीता काट कर किया. इस मौके पर उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया. विधायक ने कहा कि ऐतिहासिक शिल्हौरी मंदिर राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार है और यहां पर लोगों की गहरी आस्था है. ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को इतिहास और विरासत की जानकारी मिलती है. मंच उद्घाटन के बाद प्रसिद्ध लोक गायिका व पूर्व जिला परिषद् सदस्य पुष्पा सिंह और गायक गुंजन सिंह ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से देर रात तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किए रखा. वहीं पुष्पा सिंह की भक्ति गीत पर महिलाएं खूब झूमी. मालूम हो कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा, मुख्य मंच से आरती, श्रीमद्भागवत कथा और मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा. वृंदावन से पधारीं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री शिवांगी किशोरी ने लगातार छह दिनों तक भागवत कथा व भजनों से श्रोताओं को भावविभोर किया. वहीं, सातवें दिन सुश्री चित्राली उपाध्यक्ष के श्रीराम प्रसंग ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया. नौ दिवसीय महायज्ञ से पूरे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा. इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए नित्य दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन चलता रहा. साथ ही परिसर में लगे झूले, मीना बाजार, नित्य आरती, भजन और मनोरम झांकियों का लोगों ने खूब आनंद लिया. धार्मिक अनुष्ठान को संत श्रीधर बाबा जी महाराज, स्वामी मुरारी स्वामी, धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित के सानिध्य में आचार्य आलोक उपाध्याय ने संपन्न कराया।

समापन समारोह में गणमान्य व्यक्तियों और पूजा समिति के सदस्यों को विधायक द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया. मौके पर पूर्व मुखिया व पैक्स अध्यक्ष अभिषेक राय उर्फ जुगनू, पंडित सर्वेश्वर उपाध्याय, डॉ. जितेंद्र कुमार, धनंजय राय, विष्णु गुप्ता, डॉ. लालबाबू प्रसाद, अंकित यादव, मदन यादव, चंद्रमा साह, राजेश गुप्ता, मोहन शर्मा, अनिल राय सहित अनेक स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## गंगा आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र स्थित दक्षिणेश्वर कालीघाट पर रविवार की शाम 'नारायणी गंगा महा आरती' का भव्य आयोजन किया गया। यूनिवर्सल सतयुग स्टेज इंडिया न्यास के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह रहे। पुरुषोत्तम मास ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर बालक बाबा के नेतृत्व में यह भव्य कार्यक्रम श्री धनुष कुटीर आश्रम के समीप संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महात्मा और प्रबुद्ध जन शामिल हुए। इस महा आरती के दौरान नमामि गंगे घाट की सीढ़ियों से लेकर नदी के तट तक सैकड़ों दीपों की आकर्षक कतारें सजाई गई थीं। विद्वान पंडितों द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि, घंटों की गूंज और गंगा आरती के भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और गुंजायमान हो उठा। महा आरती की समाप्ति के बाद घाट पर मौजूद सैकड़ों महिला, पुरुष और बाल श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ नारायणी नदी में दीपदान किया। पानी में तैरते दीपों के कारण इस दौरान बेहद मनोरम और अलौकिक दृश्य देखने को मिला।

**नदी को स्वच्छ रखने का संकल्पः** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार सिंह ने गंगा और नारायणी नदी के आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण और जल संरक्षण को आज की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए लोगों से नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने की अपील की। विधायक ने स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि नदियों में कचरा और गंदगी न फैलाना ही मां गंगा की सच्ची सेवा है।

## एकमा में 63 केंद्रों पर कैमाल समर कैंप का आगाज़, खेल-खेल में भाषा और गणित सीखेंगे बच्चे



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की शुरुआत के साथ ही सोमवार से 63 मध्य विद्यालयों में 'कैमाल समर कैंप' का भव्य शुभारंभ किया गया। 1 जून से 30 जून 2026 तक चलने वाले इस विशेष शैक्षणिक अभियान का मुख्य उद्देश्य कक्षा 5 और 6 के बच्चों की बुनियादी दक्षता को मजबूत करना तथा उन्हें भाषा एवं गणित विषय में निपुण बनाना है। यह कैंप प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक संचालित होगा। अभियान के तहत आमडाढ़ी पंचायत के मध्य विद्यालय गौसपुर में सह मॉडल कैंप का उद्घाटन प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी, उप मुखिया अंजीत कुमार ठाकुर व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एचएम मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि यह कैंप बच्चों के मनोरंजन और रचनात्मक विकास का मंच बनेगा।

वहीं, एचएम तौकीर अंसारी ने बताया कि कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को बतौर वॉलिंटियर इसमें नियुक्त किया गया है, जिन्हें शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल शिक्षा व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।


मौके पर शिक्षक दिग्विजय कुमार गुप्ता, अंजू कुमारी व कई स्वयंसेवक उपस्थित थे। दूसरी ओर, एकसार पंचायत के टोला डोमन राय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मॉडल कैंप का उद्घाटन मुखिया जयराम साह, बीडीसी राजाराम साह, नोडल पदाधिकारी अंजना मिश्रा व एचएम कुमार रश्मि रंजन ने किया।

नोडल शिक्षक रंजन कुमार चौरसिया ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के सहयोग से उन बच्चों को विशेष रूप से सशक्त किया जाएगा, जिन्हें कहानी पढ़ने या बुनियादी गणित हल करने में कठिनाई होती है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि जगाई जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर गौसपुर, हंसराजपुर, हुस्सेपुर, परसागढ़ सहित विभिन्न केंद्रों पर बच्चों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया।

## दरियापुर सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोग से 169 आयुष्मान कार्ड का वितरण



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड की मानपुरा पंचायत अंतर्गत सरैया गांव में स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोग से 169 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व सांसद के निर्देश पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राकेश कुमार सिंह की पहल पर उनकी टीम द्वारा गांव में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया था, जहां ग्रामीणों का पूरी तरह निशुल्क पंजीकरण किया गया था। कार्ड बनकर तैयार होने के बाद, सांसद के दिशा-निर्देशानुसार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानपुरा के मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह एवं भाजपा नेता अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उपस्थित लाभुकों को कार्ड सौंपे। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाना लक्ष्यः मुखिया प्रतिनिधिः कार्ड वितरण के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी हमेशा जनहित और विकास कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से गांव-गांव में निशुल्क शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों या बीमारी के वक्त यह आयुष्मान कार्ड गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व वार्ड सदस्य पवन सिंह, वर्तमान वार्ड सदस्य बुलबुल सिंह, नाज अहमद, गोना सिंह, विकास सिंह, राहुल कुमार और छोटू सिंह सहित कई स्थानीय कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्ड पाकर बेहद खुश नजर आ रहे लाभुकों और ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।




# संस्कार भारती, सारण की पहल: मासिक संगीत संध्या में कलाकारों ने दी संगीतमय प्रस्तुति



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** कला, संगीत और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में नई पहल करते हुए संस्कार भारती, सारण द्वारा श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर, छपरा जंक्शन परिसर में मासिक संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में शास्त्रीय और लोक संगीत की सुरमयी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर बिहार के प्रांत कार्यवाह अभय कुमार गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अभय कुमार गर्ग ने कहा कि गीत, संगीत और नृत्य हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती भारतीय कला और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय कार्य कर रही है।संस्था की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत मंजू कुमारी एवं राजेश चंद्र मिश्र द्वारा प्रस्तुत ध्येय गीत से हुई। इसके बाद विवेक समदर्शी और विश्वनेक समदर्शी की टीम ने रामधुन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संगीत संध्या में उदय नारायण सिंह, मनोज बिहारी, सुधाकर कश्यप, राज किशोर, शुभम सत्यम, अशोक पाण्डेय और मुरली मनोहर तिवारी सहित कई कलाकारों ने शास्त्रीय एवं लोक संगीत की प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्कार भारती, उत्तर बिहार के महामंत्री सुरभित दत्त, प्रांतीय लोक कला विभाग के सदस्य राजेश चंद्र मिश्र,मंदिर के सर्व व्यवस्था प्रमुख राहुल मेहता, मोहित सिंह, धर्मनाथ पिन्टू, मलय सौरभ, कौसलेश गर्ग, प्रेम कुमार, अमित कुमार तथा अन्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का कुशल संचालन भंवर किशोर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक धनंजय कुमार ने किया। सामूहिक वंदे मातरम् के गायन के साथ संगीत संध्या का समापन हुआ।प्रांतीय लोक कला विभाग के सदस्य राजेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मासिक संगीत संध्या का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाएगा।

# मढ़ौरा में पुन: स्थापित होगी चीनी मिल- सिग्रीवाल




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मढ़ौरा को पूर्व से औद्योगिक नगरी का दर्जा प्राप्त था और यहां के चीनी मिल को पुनः पुनर्जीवित कर मढ़ौरा को फिर से औद्योगिक नगरी की पहचान लौटेगी। उक्त बातें भाजपा के महाराजगंज से सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मढ़ौरा में पत्रकारों से कही. सोमवार को सांसद श्री सिग्रीवाल एक निजी कार्यक्रम में भाजपा नेता नागेंद्र राय के मढ़ौरा नगर स्थित आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों के सवालों पर कहा कि देश में नरेंद्र मोदी और बिहार में सम्राट चौधरी की डबल इंजन की सरकार है। बिहार पूर्ण रूप से समृद्ध राज्यों की सूची में शामिल होगा, इसका चतुर्दिक विकास हो रहा हैं। उन्होंने लॉ एंड ऑर्डर पर कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती, सरकार अपराध दोषियों पर कार्रवाई कर रही है। देश की महत्वपूर्व नीट और बिहार में बीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा को रद्द किए जाने पर युवाओ के भविष्य को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों और युवाओं की भविष्य की चिंता है, पुनः परीक्षा कदाचार मुक्त के लिए सरकार हर कदम उठाएगी और परीक्षा केंद्रों तक निःशुल्क पहुंचने के बसों का भी इंतजाम के लिए सरकार योजना पर काम कर रही हैं। वही सांसद सिग्रीवाल ने भाजपा नेता नागेंद्र राय व उनकी पत्नी पूर्व मुख्य पार्षद सुनीता देवी को उनके 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर उनके आवासीय परिसर में फलदार पेड़ लगाकर यादगार बनाया और उन्हें बधाई और शुभकामनाएं भी दी। मौके पर भाजपा नेता नागेंद्र राय, पप्पू सिंह, मुन्ना लाल गुप्ता, डॉ. चंदन गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार उजाला, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलिराम सिंह, कांग्रेस के लालबाबू गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत मशरक में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न, निर्वाचित सदस्यों को दिलाई गई शपथ



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में कड़ी पुलिस सुरक्षा और शांतिपूर्ण प्रकिया में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिले से आए चुनाव पदाधिकारी अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी शिव कुमार पंडित के नेतृत्व में चुनाव प्रकिया सम्पन्न कराई गई। मौके पर डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार, पुलिस पदाधिकारी रंजीत कुमार पासवान समेत कई अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत सबसे पहले प्रत्याशियों ने तीन पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके बाद निर्धारित समय पर पार्षदों ने गुप्त मतदान किया। निर्वाची पदाधिकारी शिव कुमार पंडित व सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार की निगरानी में मतगणना की प्रक्रिया शुरू कराई गई। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वार्ड पार्षद आरती ओझा, हरेंद्र यादव उर्फ बंटी राय और अवधेश सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम की घोषणा के बाद सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी और प्रमाण पत्र दिया गया। जीत के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी समेत अन्य ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी।नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा ईमानदारी से कार्य करेंगे?। वहीं नगर पंचायत के विकास, साफ-सफाई, जलजमाव की समस्या, सड़क व पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्षदों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही नगर पंचायत की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू कर नगर पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

# फरार व नामजद हत्यारोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया इश्तहार



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर की हत्या के मामले में नामजद व फरार गोंढा गांव निवासी कुल नौ नामजद अभियुक्तों के दरवाजे पर डुगडुगी बजाते पहुंची पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया तथा अभियुक्तों को एक सप्ताह के भीतर हाजिर होने का सख्त अल्टीमेटम दिया। बताते चलें कि बीते 24 अप्रैल की रात वार्ड पार्षद की चाकू गोदकर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई थी। उक्त लोमहर्षक हत्या कांड के अगले ही दिन मृतक का तिलकोत्सव समारोह प्रस्तावित था। घटना के बाद मृतक के पिता अशोक ठाकुर के लिखित आवेदन पर मांझी थाना पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर मामले में एक दर्जन लोगों को नामजद किया गया था। नामजद तीन अभियुक्तों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को एकमा के सर्किल इंस्पेक्टर किरण शंकर तथा मांझी के थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के नेतृत्व में अलग अलग कई वाहनों पर सवार होकर गोंढा गांव पहुंची पुलिस ने फरार अभियुक्तों क्रमशः नीरज कुमार गुप्ता, विजय चौधरी, जितेंद्र चौधरी, धर्मेन्द्र यादव, मिथिलेश यादव, धर्मेन्द्र कुमार यादव, पंकज यादव, रंजीत कुमार यादव उर्फ भुअर तथा छोटू यादव के घर पर इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मौजूद वार्ड पार्षद के परिजनों ने फरार अभियुक्तों का इनकाउंटर करने की मांग की। बताते चलें कि पिछले दिनों पटना में कर्पूरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिन्स ठाकुर के नेतृत्व में निकाले गए कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन देकर फरार आरोपितों का इनकाउंटर करने की मांग की थी।

## सबलपुर के लालू प्रसाद हाई स्कूल में चोरी, महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज और सामान गायब

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर स्थित लालू प्रसाद यादव उच्च विद्यालय में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने खिड़की और ताला तोड़कर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। घटना की जानकारी रविवार को गार्ड के माध्यम से मिली, जिसके बाद हड़कंप मच गया। चोरों ने कार्यालय की अलमारी तोड़कर उसमें रखे बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे प्रवेश पंजी, टीआर, मूल प्रमाण पत्र, टीसी, अंक पत्र और पंजीयन पत्र पार कर दिए। इसके अलावा विद्यालय से तीन पंखे, बेंच, कुर्सियां, पुस्तकें और खिड़की भी चोरी कर ली गई हैं। प्रधानाध्यापक ने रविवार को ही सोनपुर थाने में लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दस्तावेजों की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## मशरक में सड़क दुघर्टना में 8 वर्षीय लड़के समेत दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा गांव में सड़क दुघर्टना में दो घायल हो गए। बंगरा गांव में सड़क पार कर रहें लड़के को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल बंगरा गांव निवासी पप्पू राय का 8 वर्षीय पुत्र प्रितम कुमार हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। परिजनों ने बताया कि लड़का सड़क पार कर रहा था कि तेज रफ्तार में जा रहे बाइक पर टक्कर मार दी। वहीं बंगरा गांव में ही बंगरा गांव निवासी 60 वर्षीय अजहर अली घायल हो गए। घायल साइकिल पर सवार होकर सामान खरीदने जा रहे थे कि ऑटो ने टक्कर मार दी।

## सैटेलाइट टाउनशिप के विरोध में 9 जून को प्रदर्शन करेंगे किसान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप, टोपो लैंड और हवाई अड्डा निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के विरोध में सोमवार को नयागांव स्टेशन परिसर स्थित शहीद राजेंद्र स्मारक पर किसान महासंघ की समीक्षा बैठक हुई। सरपंच संघ के अध्यक्ष भरत सिंह की मौजूदगी में हुई इस बैठक में किसानों ने सरकार की अधिग्रहण नीति और मुआवजे को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जून को भूमि अधिग्रहण की गलत प्रक्रिया के खिलाफ सोनपुर स्टेशन से अनुमंडल कार्यालय तक विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद सोनपुर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजक चंद्रशेखर प्रसाद राय ने बताया कि इस आंदोलन में किसान, बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# डाक्टर बन छह साल बाद गांव पहुंचे प्रेम रंजन का गाजे बाजे के साथ हुआ स्वागत



**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण )।** प्रखंड के रामपुररूद्र गांव निवासी अजीत नंदन सिंह के पौत्र एवं प्रकाश रंजन सिंह एवं गीता देवी के इकलौते पुत्र प्रेम रंजन सिंह डाक्टर बन छह साल बाद सोमवार को जब गांव पहुँचे तो गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया. ढ़ोल नगाड़ों के बीच परिजनों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया एवं आरती उतारी.प्रेम रंजन के माता पिता दमन में रहते है. प्रेम रंजन ने प्रारंभिक शिक्षा दमन स्थित दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल से की. उसने वर्ष 2020 में नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण की थीं और दादर और नगर हवेली स्थित नमो मेडिकल कालेज सिलवासा से एमबीबीएस किया है. वही प्रेम रंजन की छोटी बहन पलक रंजन सिंह इसी कालेज से फिजियोथेरेपी कर रही है और द्वितीय वर्ष में है. प्रेम रंजन ने बताया कि वह पीजी कर विशेषज्ञ डाक्टर बनना चाहता है.प्रेम रंजन की इस सफलता पर गांव में हर्ष का माहौल है. ग्रामीणों ने कहा कि प्रेम रंजन ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. इस मौके पर कुमारी पूनमलता सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे.

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर में राजद कार्यकर्ताओं ने डॉ. रोहिणी आचार्य के जन्मदिन पर की पूजा-अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेत्री व सारण लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्य के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा हरिहरनाथ के दरबार में माथा टेककर डॉ. रोहिणी आचार्य के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। मौके पर उपस्थित राजद नेता लग्नदेव राय ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद एवं राबड़ी देवी की सुपुत्री डॉ. रोहिणी आचार्य का जीवन जनसेवा को समर्पित रहा है। वहीं, युवा नेता नितेश कृष्णवंशी ने कहा कि जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता, संघर्षशीलता और समर्पण कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वे समाज के कमजोर और वंचित वर्ग की सेवा के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही हैं। पूजा-अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने बाबा हरिहरनाथ से प्रार्थना की कि उनकी आदरणीय नेत्री का मार्गदर्शन हमेशा समाज और संगठन को मिलता रहे। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय राजद पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रेल सेवा से विदा हुए 17 कर्मचारी, शाल व पीपीओ देकर किया गया सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में सोमवार को सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के लिए एक भव्य समापक भुगतान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय के मुख्य सभा कक्ष में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मई 2026 माह के दौरान अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होने वाले कुल 17 रेल कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) ने सभी निवर्तमान रेल कर्मियों को अंगवस्त्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही, कर्मचारियों को उनके समापक भुगतान के तहत पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की मूल प्रति और अन्य सेवांत लाभों के दस्तावेज सौंपे गए।

**रेलवे के विकास में योगदान की सराहना:** समारोह को संबोधित करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मियों के लंबे सेवा काल और समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि रेलवे के विकास और यात्री सेवा को सुगम बनाने में इन कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद, दीर्घायु और सम्मानपूर्ण भविष्य की मंगलकामना की। विदाई के इस भावुक क्षण में रेल प्रशासन के साथ-साथ कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# गरीबनाथ मंदिर धनौरा में सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गरखा प्रखंड के कोठियां-नरांव स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर, धनौरा परिसर में आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के दौरान चित्रकूट से पधारे कथावाचक भानुशंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का कल्याण भगवान शिव की कृपा से ही संभव है। भगवान राम और भगवान शिव एक-दूसरे के पूरक हैं तथा सच्चे मन से शिव की आराधना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ सभी देवताओं में सबसे उदार हैं और श्रद्धा व विश्वास के साथ उनकी पूजा करने वाले भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। उन्होंने रुद्राक्ष धारण करने, भस्म लगाने, बेलपत्र अर्पित करने तथा शिवलिंग पर चढ़ाए गए जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका नियमित उपयोग करने वाले भक्तों की रक्षा स्वयं महादेव करते हैं। कथा कार्यक्रम में धनौरा, कोठियां, नरांव, मदनपुर, मुसेपुर, डुमरी, चैनपुरवां, मौजमपुर, धर्मबागी, संठा समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। समापन अवसर पर गरीबनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिबंस सिंह, हरेंद्र सिंह, शंभू सिंह, बृजकिशोर सिंह, धर्मनाथ सिंह एवं रमेश सिंह ने कथावाचक भानुशंकर जी महाराज और उनकी मंडली को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## प्रखंड स्तरीय फिटनेस प्रतियोगिता में विजेता पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड स्थित पावर जोन जिम सेंटर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को प्रखंड स्तरीय फिटनेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों ने हिस्सा लिया। पूरे दिन जिम परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा और प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम का शुभारंभ जिम के संस्थापक संजीव सिंह ने केक काटकर किया। इसके बाद बच्चों के बीच मिठाई वितरण कर प्रथम वर्षगांठ का जश्न मनाया गया।संस्थापक संजीव सिंह ने कहा कि पावर जोन जिम सेंटर का उद्देश्य केवल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें नशामुक्त और अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में फिटनेस एक आवश्यकता बन चुकी है और युवाओं को नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।प्रतियोगिता के दौरान जिम के ट्रेनर अमन कुमार एवं सोनू कुमार के नेतृत्व में कई रोमांचक फिटनेस स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इनमें बॉडी शो, डेड लिफ्ट, आर्म रेसलिंग और बेंच प्रेस जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी ताकत, संतुलन तथा फिटनेस का प्रदर्शन किया। बॉडी शो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक बनावट और फिटनेस का प्रदर्शन किया, जबकि डेड लिफ्ट और बेंच प्रेस प्रतियोगिताओं में युवाओं ने भारी वजन उठाकर अपनी ताकत का परिचय दिया।

## गरखा में खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग लीग का आयोजन, काजल, राजनंदिनी व मीरा अव्वल

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ सारण के तत्वावधान में सेंट जोसेफ अकादमी में खेलो इंडिया अस्मिता महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग का भव्य आयोजन हुआ। इसमें 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने दम दिखाया। सब जूनियर वर्ग में मीरा कुमारी, जूनियर में राजनंदिनी कुमारी और सीनियर वर्ग में काजल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. देवकुमार सिंह व सचिव राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। मौके पर भेल्दी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल, एसआई सोनी कुमारी, संस्थान के निदेशक राम कुमार सिंह, संरक्षक डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह व मीडिया प्रभारी कुमार मृणाभ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तरवारा - नाबालिग के अपहरण मामले में तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना की पुलिस ने नाबालिग के अपहरण मामले का उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी नीरज कुमार, दीपक मांझी व भगवान मांझी है। जिनसे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तीस मई को जीबी नगर थाना में एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया कि 18 मई को उनकी नाबालिग पुत्री का गांव के ही नीरज कुमार एवं उसके सहयोगियों द्वारा शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया है। प्राप्त आवेदन के आधार पर जीबी नगर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जीबी नगर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी के नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद नाबालिग लड़की का विधि-सम्मत प्रावधानों के तहत चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है तथा उसका बयान धारा-183 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज कराया जा रहा है।

## विशेष अभियान के तहत 26 गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चला कर 24 घंटे में 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 14, वारंट में तीन, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, हत्या में दो, हत्या के प्रयास में एक व विविध कांड में पांच गिरफ्तारी की गई। वहीं 31.280 लीटर देसी व विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 112 वारंट व 34 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से तीन हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि एक पिस्टल, एक कट्टा, चार गोली, दो सिम टूटा हुआ, 56.130 ग्राम स्मैक, नकद 3380 रुपया, चार मोबाइल सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रघुनाथपुर थाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के टारी निवासी अंकित कुमार उर्फ अंकित बैठा है। जिसे पुलिस पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इसके पास से एक कट्टा व दो गोली को बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन सिंह ने बताया कि 31 मई को रघुनाथपुर थाना पुलिस टीम द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर रघुनाथपुर थाना कांड संख्या-01/25 में नामजद अभियुक्त अंकित कुमार उर्फ अंकित बैठा की गिरफ्तारी हेतु उनके घर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में उसके पास से एक कट्टा व दो कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में रघुनाथपुर थाना द्वारा धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बताया कि छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष, पुअनि ललन कुमार एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी शामिल थे।

## दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** न्यायालय से जारी कुर्की वारंट के फरार दो वारंटी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि शंकरपुर गांव के हरेंद्र साह एवं महमदा के मोटक महतो उर्फ राज किशोर महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** विधायक हेमनारायण साह ने रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न मामलों को अवगत कराया। विधायक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, इसमें विधान सभा क्षेत्र में 57 ऐसे रोड है जो आज तक ईंटकरण है। उस सड़क को पीसीसी कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाराजगंज भगवानपुर प्रखंड में स्थित इन सड़कों को जल्द बनाया जाय इससे लोगों को कही आने जाने में कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा।

## न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने दिलाया दखल कब्जा

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के चोरमा टोला गाजियापुर मोड़ पर सोमवार को उच्च न्यायालय के आदेश नियुक्त दंडाधिकारी राजस्व अधिकारी निवेदिता त्रिपाठी पुलिस पदाधिकारी एस आई दुर्गा प्रसाद यादव की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से जमीन दखल कब्जा दिलाया गया। सरकारी अमीन द्वारा पहले मापी कर जमींबको चिह्नित किया गया । मौके पर मौजूद अधिकारी ने बताया कि निजी जमीन को अतिक्रमण कर सड़क निर्माण कराया गया था । इस मामले की अभय श्रीवास्तव और नीतीश कुमार उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था । न्यायालय द्वारा निजी भूमि से सड़क हटाने का निर्देश दिया था । जिसके आलोक में प्रशासन जेसीबी के सहयोग से सड़क तोड़ दखल कब्जा दिलाया ।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सिवान। आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार देवरिया जिला के बनकटा थाना क्षेत्र के रतसिया निवासी जनार्दन सिंह व श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी अनवर अंसारी है।जिनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 31 मई को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के आदेशानुसार टीम के द्वारा संयुक्त रूप अपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान मैरवा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या दो पर जांच की जा रही थी।

# संतों के सम्मान से गौरवान्वित हुई सारण की धरती- अरुण पुरोहित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) धर्म प्रसार के तत्वावधान में सारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा और श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अवसर पर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों से आए संत-महात्माओं का भव्य स्वागत किया गया। विहिप के जिला प्रमुख अरुण पुरोहित ने वृंदावन, काशी, अयोध्या, गोरखपुर और मथुरा से पधारे कथावाचकों व संतों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। 20 मई से 31 मई तक चले इन आयोजनों के तहत किशनपुर पंचायत के धारण ग्राम में अयोध्या की बड़ी छावनी के संत शिरोमणि किशोरी शरण दास जी, वृंदावन के पंडित उज्जवल शण्डिल महाराज और गोरखपुर के पंडित रमेश मिश्रा का सम्मान किया गया। वहीं, मढ़ौरा के ऐतिहासिक शिल्पौरी शिलानाथ महादेव परिसर में कथावाचिका अंजलि किशोरी व पंडित आलोक उपाध्याय, रिवीलगंज के गौतम स्थान में स्वामी परमेश्वराचार्य महाराज और छपरा की शिव वाटिका में पंडित उपेंद्र कृष्ण शास्त्री को सम्मानित किया गया। इस दौरान सारण के स्थानीय संतों में श्रीधर स्वामी, मुरारी स्वामी, नारद बाबा, महंत प्रभु नाथ दास और राम प्रिये दास सहित संघ व विहिप के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विहिप जिला प्रमुख अरुण पुरोहित ने कहा कि विहिप संतों के मार्गदर्शन में ही कार्य करती है। उन्होंने संतों से सारण की सांस्कृतिक विरासत को बचाने का आग्रह करते हुए सरकार से बड़ी मांग की। पुरोहित ने कहा कि सारण के ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों– श्रृंगी ऋषि, गौतम ऋषि, महर्षि दधिचि, च्यवन ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, कुंभज ऋषि, नारद मोह भंग आश्रम, गढ़ देवी और जड़ भरत स्थल को सोनपुर हरिहर क्षेत्र की तर्ज पर %कॉरिडोर% बनाकर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि सारण का खोया गौरव पुनः स्थापित हो सके। संतों ने सनातन धर्म की ज्वलंत समस्याओं पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हिंदू समाज समुद्र की तरह शांत रहता है, लेकिन उसे

## महायज्ञ में मंडप प्रवेश व पंचांग पूजन वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** प्रखंड अंतर्गत सरयू तट स्थित ग्यासपुर के ब्रह्मर्षि साहेब बाबा धाम में आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ जारी है। महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को मंडप प्रवेश एवं पंचांग पूजन का अनुष्ठान वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान में डा. अशोक पांडेय अपनी पत्नी के साथ मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। आचार्य पंडित संतोष द्विवेदी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों ने विधि-विधान पूर्वक मंडप प्रवेश कर पंचांग पूजन किया। इस दौरान पूरा धाम परिसर हर-हर महादेव एवं जय श्री ब्रह्मर्षि साहेब बाबा के जयघोष से गूंज उठा। महायज्ञ में प्रतिदिन सुबह-शाम हवन, पूजन, आरती एवं धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर यज्ञ में आहुति दे रहे हैं। श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। 1008 महामंडलेश्वर देवेंद्र दास महाराज ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है। वहीं देर रात तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है, जिससे पूरा धाम परिसर भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत बना हुआ है।

# श्री विष्णु मंदिर आश्रम में स्थायी यज्ञ मंडप के लिए भूमि पूजन संपन्न, 16 जून से महायज्ञ



**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** सिसवन प्रखंड की रामगढ़ पंचायत स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर मेहंदार के पूर्व भिंडा में अवस्थित श्री विष्णु मंदिर आश्रम परिसर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थायी पक्का यज्ञ मंडप निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। भूमि पूजन का नेतृत्व आश्रम के महंत श्री 108 श्री शिवपूजन ब्रह्मचारी जी महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में आगामी 16 जून से नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ होगा, जिसका समापन विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद परिसर में लगभग एक वर्ष तक अखंड अष्टयाम हरि कीर्तन का निरंतर आयोजन चलेगा। महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी के. के. सिंह सेंगर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की बैठकें लगातार की जा रही हैं और सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विभिन्न जिलों व गांवों में श्रद्धालुओं की टीमें सहयोग के लिए संपर्क कर रही हैं। महंत शिवपूजन ब्रह्मचारी जी महाराज ने श्रद्धालुओं से सामर्थ्य अनुसार निर्माण सामग्री (सीमेंट, सरिया, ईंट, बालू) या आर्थिक सहयोग करने तथा इस धर्मकार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर सुदामा तिवारी, सूर्य नंदन शाही, मंजीत तिवारी, प्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह, आशीष पांडेय शास्त्री, सत्येंद्र सिंह, कमलेश सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग व श्रद्धालु मौजूद थे।

## स्मैकरो ने उत्पाद अधीक्षक के तीन मोबाइल उड़ाए, शाम तक बरामद

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** उत्पाद अधीक्षक विपिन कुमार के तीन मोबाइल रविवार की सुबह चोरी हो जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि अधीक्षक अपने आवास में कोई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक स्मैकरो ने मोबाइल चोरी कर ली। मोबाइल नहीं मिलने पर उत्पाद अधीक्षक ने विभाग के एक जवान के मोबाइल से अपने नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी मोबाइल की तलाश में जुट गए। जांच के दौरान सीसी फुटेज खंगाला गया, जिसमें आरोपी की पहचान एक स्मैकर के रूप में की गई।

# अपराधियों की चल संपत्ति जब्त कर कड़ा संदेश देगी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद जिला के सभी थाना क्षेत्रों में कुर्की जब्ती को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हर थाने को कम से कम एक ऐसी प्रभावकारी कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने के लिए कहा है, जिससे समाज और अपराधियों के बीच सख्त संदेश जाए। पुलिस का मानना है कि इस अभियान से अपराधियों का मनोबल टूटेगा और अपराध करने से पहले वे सौ बार सोचने को मजबूर होंगे। गंभीर मामलों में फरार आरोपितों के खिलाफ सिर्फ गिरफ्तारी वारंट तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि उनकी चल संपत्ति को भी विधिसम्मत तरीके से कुर्की करनी है। इससे अपराधियों के बीच पुलिस का भय बढ़ेगा और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी भी दबाव में आएंगे। थाना स्तर पर पहले यह तय किया जाएगा कि किस कांड और किस फरार आरोपित के खिलाफ कुर्की करनी है। इसके बाद पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, पदाधिकारी और आवश्यक संसाधनों के साथ कार्रवाई की जाएगी। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि कुर्की-जब्ती विधि सम्मत तरीके से सभी चल संपत्तियों की होनी चाहिए, ताकि इसका व्यापक प्रभाव दिखे। कुर्की सिर्फ औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका असर दिखना चाहिए। कार्रवाई के दौरान आरोपित की चल संपत्ति जैसे वाहन, घरेलू सामान, व्यावसायिक सामग्री और अन्य संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। इसकी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट मुख्यालय तक पहुंच सके। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि जिला के सभी थाना क्षेत्रों में कुर्की जब्ती को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# माडल समर कैंप का बीईओ ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** गर्मी की छुट्टी के दौरान विद्यालय स्तर पर समर कैंप का आयोजन सोमवार से शुरू किया गया । मध्य विद्यालय सराय पड़ौली में कैंप का उद्घाटन बीईओ राकेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि विभाग के निर्देश पर सभी 68 मध्य विद्यालयों में समर कैंप आयोजित कर कमजोर छात्रों को बुनियादी संख्या ज्ञान का बोध कराया जाएगा । माडल केंद्र सराय पड़ौली में कुल 20 बच्चे उपस्थित हुए । इस अभियान के सफलता के लिए बीईओ नोडल पदाधिकारी तथा शिक्षक विनय कुमार सिंह को नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया है । उन्होंने बताया बच्चों को स्वयं सेवकों द्वारा वर्ग 5 से 6 तक के कमजोर बच्चों को पढ़ाया जाएगा । यह समर कैंप 1 से 30 जून तक संचालित किया जाएगा । इस अवसर पर टोला सेवक मुन्ना मुसहर,मध्य विद्यालय रतन पड़ौली के प्रधानाध्यापक लखीचंद पंडित, शिक्षक सत्यदेव प्रसाद,श्रीकांत तिवारी स्वयं सेवक खुशबू कुमारी एवं रिया कुमारी उपस्थित थे ।

# वाराणसी मंडल की बैठक में सारण की रेल सुविधाओं की विस्तार संबंधी कई महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाएंगे सांसद रूडी



**दैनिक खोज खबर/छपरा** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की मंडलीय संसदीय समिति की बैठक आज वाराणसी में आयोजित होने जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में सारण के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी भाग लेंगे। बैठक के दौरान सारण क्षेत्र से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार संबंधी विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। सांसद रूडी छपरा कचहरी स्टेशन पर कोरोना काल से बंद पड़ी मौर्य एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस और लिच्छवी एक्सप्रेस के ठहराव को पुनः बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाएंगे। इसके साथ ही, कामायनी एक्सप्रेस एवं बलिया-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन का विस्तार छपरा तक करने तथा छपरा, सिवान एवं बलिया से पटना के लिए कार्यालय समय के अनुकूल नई डीएमयू/मेमू ट्रेन सेवा शुरू करने का प्रस्ताव भी रेलवे के समक्ष रखेंगे।

**छपरा जंक्शन का होगा समग्र पुनर्विकास** –बैठक के मुख्य एजेंडे में छपरा जंक्शन का समग्र विकास और आधुनिकीकरण शामिल है। सांसद रूडी प्लेटफॉर्म संख्या 6, 7 एवं 8 पर यात्रियों की सुविधा के लिए-

- लिफ्ट और रैम्प का निर्माण,
- फुट ओवरब्रिज का विस्तार,
- आधुनिक एसी लाउंज की स्थापना, और

पूर्व में प्रस्तावित करीब ?450 करोड़ की री-मॉडलिंग योजना को गति देने की मांग करेंगे।

**बुनियादी ढांचे और सुरक्षा पर भी रहेगा ध्यान** - सुविधाओं के अलावा, बैठक में रेलवे के बुनियादी ढांचे और पर्यावरण प्रबंधन पर भी विमर्श होगा। इसके तहत रिविलगंज-मुक्तिनाथ धाम मार्ग का पुनर्निर्माण, स्टेशन सलाहकार समिति का गठन तथा रेल कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला आवासों के निर्माण का मुद्दा उठाया जाएगा। साथ ही, रेलवे भूमि के संरक्षण, अतिक्रमण मुक्ति, पार्किंग व्यवस्था और सर्कुलेटिंग एरिया के सुव्यवस्थित प्रबंधन पर भी जोर दिया जाएगा। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा- ÷सारण क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए बैठक में क्षेत्र की जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं और मांगों को प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।

# अर्कपुर में दहेज हत्या कांड के अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** असांव थाना क्षेत्र के अर्कपुर गांव निवासी चंदन कुमार सिंह दहेज हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपित के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विधिवत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने पुलिस बल के साथ किया। जानकारी के अनुसार दहेज हत्या कांड में आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के बाद पुलिस टीम आरोपित के घर पहुंची और विधि-सम्मत तरीके से कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान घर में मौजूद सामानों की सूची बनाकर जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने सोमवार को बताया कि कांड संख्या 115/25 का आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। न्यायालय के निर्देश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई है।पुलिस ने चेतावनी दी कि शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करने पर आगे भी कानूनी कार्रवाई जारी

# शहर से गांव तक आवारा कुत्तों का आतंक प्रत्येक दिन दस से बीस लोग हो रहे शिकार

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जिले में शहर से लेकर गांव तक आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीण इलाकों के साथ शहर के कई मोहल्लों में कुत्तों के झुंड राहगीरों और वाहन चालकों पर अचानक हमला कर रहे हैं। खासकर रात के समय ऐसी घटनाएं अधिक हो रही हैं।प्रत्येक दिन दस से बीस लोग शिकार हो रहे है। नगर परिषद क्षेत्र के अस्पताल रोड, मखदुम सराय, सब्जी मंडी, एमएम कालोनी, दखिन टोला सहित अन्य मोहल्ला में आवारा कुत्तों का आतंक ज्यादा देखा जा रहा है। दर्जनों की संख्या में कुत्ते सड़कों पर झुंड बनाकर घूमते है और राहगीरों पर हमला कर देते है। इस संबंध में सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि कुत्ता काटने या खरोंच लगने पर प्रभावित जगह को तुरंत साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। इस लिए कुत्ते के शिकार लोग जरूर पहुंचे।

